नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## जंगल धूसड़, गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ....................

दिनांक : 16.02.2019

# प्रकाशनार्थ

बी. एड्. स्काउट–गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर के पाँचवे दिन सर्वप्रथम छात्राध्यापक–छात्राध्यापिकाओं ने प्रशिक्षक श्री सूरज चन्द मौर्य के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर में कैम्प लगाया और भोजन बनाया।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार सिंह जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट–गाइड ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउटिंग एक प्रकार का आन्दोलन है जिसका उद्देश्य नवयुवकों के विकास में इस तरह योगदान करना है जिसमें उनकी पूर्ण शारीरिक बौद्धिक, सामाजिक, आध्यात्मिक अन्तः शक्तियो की उपलब्धि हो। स्काउटिंग व्यक्ति में छिपे गुंणों को उभारना जानती है। युवाओं के व्यक्तित्व में छिपे गुणों व नजरिया को विकसित करने के बहुआयामी कार्यक्रम स्काउटिंग के पास है ताकि युवाओं में कुशलता व प्रभावी गुणों का बीजारोपण किया जा सके व्यक्तित्व के मूल्यांकन में अभिवृद्धि हो सके।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अविनाश प्रताप सिंह विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र विभाग महाराणा प्रताप पी. जी. कॉलेज जंगल–धूसड़ ने छात्राध्यापक–छात्राध्यापिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग एक जीवन शैली है, जो हमारे जीवन में नवीन चेतना का संचार करती है। कोई कार्यक्रम जीवन की परिस्थितियों को तुरन्त परिवर्तित नहीं कर सकता किन्तु इन परिस्थितियों को सहजता व सरलता से सहन करने की प्रवृत्ति और शक्ति प्रदान कर सकता है। छात्राध्यापक–छात्राध्यापिकाओं ने सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, पर्यावरण शिक्षा, स्वच्छता पर लघु नाटक प्रस्तुत किया प्रतिभागियों की तरफ से छात्राध्यापक राजेश विश्वकर्मा ने पाँच दिन की शिविर आख्या प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार (जिला मुख्य आयुक्त) का स्वागत उत्तरीय एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक श्री सूरज चन्द्र मौर्य ने किया आभार ज्ञापन रोवर्स रेंजर प्रभारी श्री नवनीत कुमार सिंह ने किया।

(डॉ. राजेश शुक्ला)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी